(i) प्रचार माध्यम आयोजन और भारत और उसके पर्यटन आकर्षणों का विज्ञापन।

(ii) टूर प्रचालकों और चुने हुए यात्रा व्यवसाय संबंधी कार्मिकों को पर्यटन परिचयीकरण हेतु भारत में आमंत्रित करना।

(iii) भारत के संबंध में भ्रमण पुस्तिकाएं तैयार करने और उनका मुद्रण करने के लिए विदेशों में प्रमुख टूर प्रचालकों को वित्तीय सहायता देना।

(iv) यात्रा संबंधी लेखकों को भारत में आमंत्रित करना।

(v) प्रमुख विभागीय स्टोरों, व्यापारिक प्रदर्शनों और ट्रैवल मार्ट्स के साथ संयुक्त संवर्धन कार्यों में सहयोग देना।

अंडमान और निकोबार से दिल्ली के लिये सीधी उड़ान

2836. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर:** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने अपने पोर्ट ब्लेयर में आगमन के समय यह घोषणा की थी कि पोर्ट ब्लेयर से दिल्ली के लिये एक सीधी उड़ान शुरू की जाएगी;

(ख) यदि हां, तो यह सेवा कब से शुरु हो जाएगी;

(ग) अंडमान में किन-किन स्थानों को पर्यटन के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है तथा दिसम्बर, 1992 तक इस कार्य पर कितनी धनराशि खर्च की जाएगी; और

(घ) पर्यटन के क्षेत्र में केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गए अंशदान/व्यय की गई धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हैवलॉक और पोर्ट ब्लेयर में केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्कीमों का कार्यान्वयन किया जा रहा है। दिसम्बर, 1992 तक खर्च की जाने वाली राशि स्कीमों के कार्यान्वयन की प्रगति पर निर्भर करेगी।

(घ) सातवीं योजना, 1990-91 और 1991-92 के दौरान अण्डमान और निकोबार द्वीप-समूह को स्वीकृत केन्द्रीय वित्तीय सहायता के ब्यौरे नीचे दिये अनुसार हैं:—

(लाख रुपये)

सातवीं योजना	195.48
1990-91	3.28
1991-92	48.32

Agreement between ITDC and M/S. Radisson

2837. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that India Tourism Development Corporation (ITDC) has cancelled its agreement with M/s. Radisson, an American Company some months back;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether some efforts are on in Government to tie-up ITDC business activities with some foreign companies;

(d) if so, the detailed outlines and also the justification therefor;

(e) whether the ITDC employees Associations/Unions have protested against the above move of the Management/Government recently; and

(f) if so, what is the reaction of Government on their demands?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) M/s Radisson Hotel Corporation of U.S.A. has given notice for terminating the marketing agreement with ITDC, a few months ago.

(c) and (d) Government have formulated a scheme whereby small groups of ITDC hotels would be formed for the purpose of developing them as joint ventures with leading foreign hotel chains. In the first instance, two groups of four hotels each are proposed to be developed in this manner for which offers have been invited from foreign hotel chains.

(e) and (f) The Government is aware about the concern of Trade Unions of ITDC. Every possible effort will be made